PROF. RATAN KUMAR PARIMOO

Prof. Ratan Kumar Parimoo is an internationally renowned painter, art historian, pedagogue and curator. He is widely acknowledged as the pioneer of New Art History in India having introduced European methodological framework alongside Indian aesthetic theories of Rasa and Alamkara for the analysis and interpretation of Indian art.

2. Bom on 16th June 1936 in Srinagar, Prof. Parimoo received his Bachelor's (1955) and Master's (1957) degrees in Painting and diploma in Museology from The Maharaja Sayajirao University of Baroda, Vadodara and BA Honours in History of Art from University of London (1963). He earned his PhD in 1972 - the first ever in Art History from an Indian art institution as a painter. Prof. Parimoo served as the Head of the Department of Art History & Aesthetics from 1966 to 1991, the Dean of the Faculty of Fine Arts from 1975 -1981 and retired from active teaching service as Professor in 1996. He has served on advisory committees of the UGC, NCERT, Lalit Kala Academy, JNU Board of Studies, NGMA, ASI, and INSA among others. He has expanded the scope of Indian Art History by developing upon the scholarship of earlier generation of scholars. He pioneered research and critical writing on Modem Indian art when it was still an untrodden path. Through his teaching and writings, he has convincingly demonstrated how theories of iconology, semiotics and hermeneutic reading of representation of art could be applied to Indian art as well.

3. Prof. Parimoo's leadership in curating, revamping and reorganising the Lalbhai Dalpatbhai Museum and NC Mehta collections between 2007-2019 into a world class institution has been widely acknowledged. As an artist he co-founded the first Baroda Group of Artists (1956) where he played a key role in defining modem Indian art in post-Independence India. In his own art practice, he pioneered Abstraction and Surrealism inspired by his study and teaching of European art.

4. Prof. Parimoo is an acclaimed authority on classical and modem Indian arts, especially Arts of Ajanta & Ellora, Buddhist Art of Asia; Medieval and Modem sculpture; Jain, Rajasthani, Pahari and Mughal paintings; the art of Raja Ravi Verma, Rabindranath Tagore and the Bengal school, among others on whom he has published many monographs way before they received much academic attention. Being the first artist-art historian to research on the art of the Three Tagores, his *Art of Three Tagores - From Revival to Modernity* (2010) is a timeless authoritative reference book. Among his most recent publications, a massive volume titled *From the Earthly World to the Realm of Gods (2015)* on the rare drawings from the Kasturbhai Lalbhai Collection is a world class publication elevating the artistic endeavours of Indian traditional master painters.

5. Prof. Parimoo is a recipient of the Cultural Scholarship for Painting from the Government of India (1957-59), Commonwealth Scholarship to study Art History in England (1960), JDR Rockefeller III Grant of the Asia Society New York (1974), Jawaharlal Nehru Fellowship (1991), Gaurav Puraskar of the Gujarat State Lalit Kala Academy (2000), Raja Ravi Verma Chitrakar Award (2016) the prestigious Rabindranath Tagore Birth Centenary Medal (2019) of the Asiatic Society of Bengal for his contribution to Human Culture, and the Raja Ravi Verma award for excellence in the field of Visual Arts by the Maharaja Ranjitsingh Gaekwad Baroda Festival of Arts (2024).

प्रो. रतन कुमार परिमू

प्रो. रतन कुमार परिमू एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध चित्रकार, कला इतिहासकार, शिक्षाविद और क्यूरेटर हैं। उन्हें भारत में नए कला इतिहास के अग्रदूत के रूप में व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है, जिन्होंने भारतीय कला के विश्लेषण और व्याख्या के लिए रस और अलंकार के भारतीय सौंदर्य सिद्धांतों के साथ–साथ यूरोपीय पद्धतिगत ढांचे को भी पेश किया।

2. 16 जून, 1936 को श्रीनगर में जन्मे, प्रो. परिमू ने महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय बड़ौदा, वडोदरा से चित्रकला में स्नातक (1955) और मास्टर (1957) की डिग्री और संग्रहालय विज्ञान में डिप्लोमा और लंदन विश्वविद्यालय (1963) से कला के इतिहास में बीए ऑनर्स की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने वर्ष 1972 में एक चित्रकार के रूप में किसी भारतीय कला संस्थान से कला इतिहास में सबसे पहली बार अपनी पीएचडी अर्जित की। प्रो. परिमू ने वर्ष 1966 से 1991 तक कला इतिहास और सौंदर्यशास्त्र विभाग के प्रमुख, वर्ष 1975 –1981 तक ललित कला संकाय के डीन के रूप में कार्य किया और वर्ष 1996 में प्रोफेसर के रूप में सक्रिय शिक्षण सेवा से सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने अन्य के अलावा यूजीसी, एनसीईआरटी, ललित कला अकादमी, जेएनयू बोर्ड ऑफ स्टडीज, एनजीएमए, एएसआई और आईएनएसए की सलाहकार समितियों में काम किया है। उन्होंने विद्वानों की पिछली पीढ़ी की विद्वता को आगे बढ़ाकर भारतीय कला इतिहास के दायरे का विस्तार किया है। उन्होंने आधुनिक भारतीय कला पर शोध और आलोचनात्मक लेखन का कार्य तब किया, जब इसमें अभी तक कुछ ज्यादा नही किया गया था। अपने शिक्षण और लेखन के माध्यम से, उन्होंने दृढ़ता से प्रदर्शित किया है कि कैसे कला की प्रस्तुति के प्रतीक विज्ञान, संकेत विज्ञान और व्याख्यात्मक पाठ के सिद्धांतों को भारतीय कला पर भी लागू किया जा सकता है।

3. लालभाई दलपतभाई संग्रहालय और एनसी मेहता संग्रह को वर्ष 2007–2019 के बीच विश्व स्तरीय संस्थान में व्यवस्थित करने, नया स्वरूप देने और पुनर्गठित करने में प्रो. परिमू के नेतृत्व को व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है। एक कलाकार के रूप में उन्होंने पहले बड़ौदा ग्रुप ऑफ़ आर्टिस्ट्स (1956) की सह–स्थापना की, जहाँ उन्होंने स्वतंत्रता के बाद के भारत में आधुनिक भारतीय कला को परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने स्वयं के कला अभ्यास में, उन्होंने यूरोपीय कला के अपने अध्ययन और शिक्षण से प्रेरित होकर अमूर्तता और अतियथार्थवाद का बीड़ा उठाया।

4. प्रो. परिमू शास्त्रीय और आधुनिक भारतीय कलाओं, विशेष रूप से अजंता और एलोरा की कला, एशिया की बौद्ध कला; मध्यकालीन और आधुनिक मूर्तिकला; जैन, राजस्थानी, पहाड़ी और मुगल चित्रकला; राजा रवि वर्मा, रवींद्रनाथ टैगोर और बंगाल स्कूल की कला, आदि के प्रशंसित विशेषज्ञ हैं, जिन पर उन्होंने बहुत से मोनोग्राफ प्रकाशित किए हैं, इससे पहले उन पर बहुत अधिक अकादमिक ध्यान नही दिया गया। तीन टैगोर की कला पर शोध करने वाले पहले कलाकार–कला इतिहासकार होने के नाते, उनकी आर्ट ऑफ़ थ्री टैगोर – फ्रॉम रिवाइवल टू मॉडर्निटी (2010) एक कालातीत आधिकारिक संदर्भ पुस्तक है। उनके सबसे हालिया प्रकाशनों में, कस्तूरभाई लालभाई संग्रह से दुर्लभ चित्रों पर फ्रॉम द अर्थली वर्ल्ड टू द रियल्म ऑफ़ गॉड्स (2015) नामक एक विशाल खंड भारतीय पारंपरिक विशेषज्ञ चित्रकारों के कलात्मक प्रयासों को बढ़ावा देने वाला एक विश्व स्तरीय प्रकाशन है।

5. प्रो. परिमू को भारत सरकार की ओर से चित्रकला के लिए सांस्कृतिक छात्रवृत्ति (1957–59), इंग्लैंड में कला इतिहास का अध्ययन करने के लिए राष्ट्रमंडल छात्रवृत्ति (1960), एशिया सोसाइटी न्यूयॉर्क का जेडीआर रॉकफेलर III अनुदान (1974), जवाहरलाल नेहरू फेलोशिप (1991), गुजरात राज्य ललित कला अकादमी का गौरव पुरस्कार (2000), राजा रवि वर्मा चित्रकार पुरस्कार (2016), मानव संस्कृति में उनके योगदान के लिए एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल का प्रतिष्ठित रवींद्रनाथ टैगोर जन्म शताब्दी पदक (2019) और महाराजा रणजीतसिंह गायकवाड़ बड़ौदा कला महोत्सव (2024) द्वारा दृश्य कला के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए राजा रवि वर्मा पुरस्कार मिला है।